इलेक्ट्रानिक्स उद्योग के विकास के लिये नोयडा में एक इलेक्ट्रानिक्स नगर की स्थापना करने का निर्णय सैद्धान्तिक रूप से लिया गया है। इसके लिये सह प्रवर्तकों को पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस इलेक्ट्रानिक्स नगर में उच्च स्तरीय सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी, जिससे देश और विदेश की कम्पानियों को इलेक्ट्रानिक्स उद्योग लगाने हेतु आकर्षित किया जा सकेगा तथा प्रदेश के तकनीकी योग्यता रखने वाले युवा वर्ग को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

प्रदेश में 25 नई चीनी मिलों की स्थापना हेतु भारत सरकार से आशय पत्र प्राप्त किये जा चुके हैं तथा 20 और नई चीनी मिलों की स्थापना का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है। यह प्रयास किया जा रहा है कि चीनी उद्योग में प्रदेश में उपलब्ध गन्ने की खपत 32 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो सके। मेरी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि समस्त सरकारी एवं सहकारी चीनी मिलों द्वारा किसानों के बकाया समस्त गन्ना मूल्य का शतप्रतिशत भुगतान हो जाय। प्रदेश की समस्त सहकारी गन्ना समितियों एवं सहकारी चीनी मिल समितियों के तथा इनकी शीर्ष संस्थाओं के चुनाव जो कई वर्षों से लम्बित थे, सम्पन्न कराये जा चुके हैं।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रियों के लिये परिवहन की सुविधा में सुधार करने की दृष्टि से परिवहन निगम के बस बेड़े में 800 नई बसें चालू वित्तीय वर्ष में सम्मिलित किया जना प्रस्तावित है। साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हेतु निजी पूंजी निवेश को भी आकर्षित किया जायेगा।

प्रदेश में अवस्थापना के विकास की गति में तीव्रता लाने के उद्देश्य से ग्रामीण मार्गों, छूटी कड़ियों, अम्बेदकर ग्रामों को जोड़ने तथा अन्य जिला मार्गों के निर्माण हेतु चालू वित्तीय वर्ष में जवाहर रोजगार योजना से 18 करोड़ रुपये तथा अलग से 50 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त नहर सेवा मार्गों को ग्रामीण सड़कों के रूप में उपयोग करने हेतु इन मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण हेतु 40 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है जिससे 201 नये मार्गों का निर्माण कराया जा रहा है। निजी क्षेत्र के सहयोग से एक करोड़ रुपये से अधिक की लागत के मार्गों एवं सेतुओं के निर्माण हेतु प्रयास किया जा रहा है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये भारतीय पथकर अधिनियम, 1851 में संशोधन किया गया है।

उत्तर प्रदेश में पर्यटकों को आकर्षित करने एवं उन्हें वांछित सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये निजी उद्यमियों से भी सहायता ली जा रही है। शासन द्वारा

घोषित पर्यटन उद्योग नीति के अन्तर्गत पर्यटन के सर्वांगीण एवं त्वरित विकास के लिये प्रदेश के 6 क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। नई नीति के अन्तर्गत उद्यमियों को उक्त क्षेत्रों में स्टार होटल बनाने के लिये बाजार दर से कम मूल्य पर भूमि उपलब्ध करायी जायेगी तथा होटल के आस-पास हरित क्षेत्र विकसित कर सड़क एवं बिजली-पानी की सुविधायें प्रदान की जायेंगी ताकि पर्यटन को पर्याप्त प्रोत्साहन मिल सके।

मेरी सरकार सभी को शिक्षा सुलभ कराने हेतु कटिबद्ध है। प्रत्येक ग्राम सभा में प्राथमिक विद्यालयों की व्यवस्था एवं हर न्याय पंचायत में जूनियर हाई स्कूल की व्यवस्था तीन वर्ष में करने हेतु सरकार प्रतिबद्ध है।

मेरी सरकार ने उच्च शिक्षा में अपेक्षित गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से राज्य में एक उच्च शिक्षा परिषद् की स्थापना का निर्णय लिया है तथा स्नातक पाठ्यक्रमों में एकरूपता लाये जाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है। राज्य के विश्वविद्यालयों को आर्थिक दृष्टि से आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से नये व्यवसाय परक एवं स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जा रहे हैं। महाविद्यालयों में कार्यरत चयन वेतनमान के प्रवक्ताओं को कुछ शर्तों के तहत उपाचार्य का पद नाम दिये जाने का निर्णय लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में राजकीय विद्यालयों में एक सीमा तक के आय वर्ग के विद्यार्थियों को ही निःशुल्क शिक्षा दिये जाने पर विचार किया जा रहा है, ताकि अवस्थापना सृजन हेतु पूंजी नियोजित हो सके। इसके अतिरिक्त राजकीय विद्यालयों में दो पाली चलाने पर भी विचार किया जा रहा है।

औद्योगिक परिदृश्य में परिवर्तन एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी के उत्तरोत्तर विकास के परिप्रेक्ष्य में अर्थव्यवस्था की अपेक्षाओं के अनुरूप सुयोग्य प्रशिक्षित जन शक्ति की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश में अभियंत्रण संस्थाओं की कमी को दृष्टिगत रखते हुये निजी क्षेत्र में अभियंत्रण संस्थाओं की स्थापना की नीति निर्धारित की गई है। समाज के अपेक्षाकृत कमजोर तबकों को प्राविधिक शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने हेतु प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों को क्रमशः 21, 2 तथा 27 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया गया है। साथ ही उक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से संस्थाओं में प्रवेश हेतु निर्धारित न्यूनतम् अर्हकारी अंकों का प्रतिबन्ध समाप्त कर दिया गया है। अल्प संख्यकों द्वारा निजी पॉलीटेक्निक अथवा इंजीनियरिंग कालेज स्थापित किये जाने पर संस्था विशेष के अनुरोध पर उसे अल्प संख्यक संस्था के रूप में अभिप्रमाणित किये जाने की नीति निर्धारित की गई है।

प्रदेश में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिये विभिन्न जनपदों में क्रीड़ांगन, बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल तथा तरणताल का निर्माण कराया जा रहा है । प्रदेश की राजधानी में एक राज्य स्तरीय क्रीड़ा संकुल निर्माणाधीन है । हाकी के खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने हेतु वाराणसी में एस्ट्रो टर्फ लगाया जा चुका है तथा रामपुर में एस्ट्रो टर्फ लगाने का कार्य प्रगति पर है ।

मेरी सरकार द्वारा प्रदेश में साहित्य, कला, संगीत, नृत्य, वादन, गायन, खेलकूद, महिला कल्याण आदि क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली प्रदेश की प्रतिभाओं को 'यश भारती' सम्मान से अलंकृत करने का निर्णय लिया गया है तथा तद्नुसार ऐसी विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जा रहा है ।

यहां इसका उल्लेख भी प्रासंगिक होगा कि राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को इस वर्ष से क्रमशः 50 हजार, 30 हजार एवं 20 हजार रुपयों का सद्भावना पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ।

सन् 2,000 तक सबके लिये स्वास्थ्य की राष्ट्रीय नीति के अंतर्गत प्रदेश में निर्धारित चिकित्सा सम्बन्धी लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं प्रदेश की जनसंख्या के अनुसार चिकित्सकों की कमी को दृष्टिगत रखते हुये मेरी सरकार ने निजी क्षेत्र में मेडिकल तथा डेन्टल कालेजों की स्थापना का निर्णय लिया है ।

जन साधारण को सरल एवं सुलभ चिकित्सा उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के मेडिकल कालेजों में आवश्यक आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषकर कोबाल्ट थिरेपी यूनिट तथा सी.टी. स्कैन की स्थापना पर विशेष बल दिया जा रहा है । सभी मेडिकल कालेजों में अल्ट्रासाउन्ड तथा आटो एनॅलाइजर लगाने की व्यवस्था हो गयी है । साथ ही उच्च व्यावसायिक शिक्षा यथा, चिकित्सा, प्राविधिकी आदि पर बहुत कम फीस रखकर राज्य सरकार द्वारा जो अनुदान दिया जाता है, उसे चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जायेगा जिसकी प्रतिपूर्ति फीस में वृद्धि कर के किये जाने पर विचार है ।

चिकित्सा क्षेत्र में स्वायत्तशासी संस्थान के रूप में स्थापित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में शीघ्र ही बोन मेरो ट्रान्सप्लांट की सुविधा प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव है, जिससे कैन्सर के रोगियों को इसके लिये विदेश नहीं जाना पड़ेगा ।

नगर क्षेत्र में नागरिकों को स्वच्छ पेयजल, समुचित प्रकाश व्यवस्था, जलोत्सारण, सफाई, स्वास्थ्य एवं मलिन बस्तियों के सुधार हेतु विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित कराया जा रहा है । विश्व बैंक की सहायता से प्रथम चरण में प्रदेश के 11 नगरों में जल सम्पूर्ति, जलोत्सारण व्यवस्था में सुधार तथा विस्तार का कार्य पूर्ण कराया गया है । आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि में प्रदेश के सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है ।

भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश को स्वच्छकार मुक्त एवं सर पर मैला ढोने की कुप्रथा को समाप्त करने के निर्णय के कार्यान्वयन हेतु प्रदेश सरकार लगभग 500 नगरों में योजना चला रही है। प्रदेश के समस्त स्थानीय निकायों में स्थित शुष्क शौचालयों को जलधौत शौचालयों में परिवर्तित करने का लक्ष्य है।

मेरी सरकार की नीति के अन्तर्गत जनसाधारण के लिये "घर एक अधिकार" को राष्ट्रीय विकास के आधारभूत लक्ष्य के रूप में लिया गया है। आरक्षण नीति के अनुसार विकास प्राधिकरणों तथा आवास एवं विकास परिषद् द्वारा निर्मित आवासों एवं भूखण्डों में अनुसूचित जाति तथा जनजाति के लिये 23 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लिये 27 प्रतिशत का आरक्षण किया गया है।

संसद द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय आवास नीति को दृष्टिगत रखते हुये प्रदेश की आवास नीति शीघ्र बनाई जायेगी। आवासीय अवस्थापना के सृजन में अधिक निजी पूंजी निवेश आकर्षित करने के लिये राज्य सरकार उचित वातावरण बनायेगी।

बदलते आर्थिक परिवेश में प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं श्रमिकों के हित में सामंजस्य बनाये रखते हुये विभिन्न श्रम कानूनों के अन्तर्गत सीमित एवं गुणात्मक निरीक्षण की व्यवस्था की गई है। औद्योगिक मामलों में सरकार के त्वरित हस्तक्षेप के फलस्वरूप हड़ताल तथा तालाबन्दी की संख्या में तथा कार्य दिवसों की हानि में कमी लाई जा सकी है। बाल श्रम समस्या की समाप्ति मेरी सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के अन्तर्गत 4 परियोजनायें कालीन, कांच एवं चूड़ी, ताला तथा पीतल उद्योगों में चलाई जा रही हैं। इसके अन्तर्गत लगभग 2,900 बाल श्रमिकों को अनौपचारिक शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पुष्टाहार, चिकित्सा सुविधा तथा 100 रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति भी दी जा रही है। वर्ष 1994-95 तथा 1995-96 में चरणबद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रमशः 6 तथा 7 औषधालय खोले जाने प्रस्तावित हैं।

सन् 2,000 तक खतरनाक उद्योगों में लगे बाल श्रमिकों के नियोजन को समाप्त करने के उद्देश्य से फिरोजाबाद में कांच उद्योग, भदोही, वाराणसी, मिर्जापुर के कालीन उद्योग, अलीगढ़ के ताला उद्योग तथा मुरादाबाद के पीतल उद्योग में बाल श्रमिकों के पुनर्वास एवं बाल श्रम के उन्मूलन हेतु परियोजनायें बनाकर भारत सरकार को भेजी जा चुकी हैं।

मेरी सरकार समाज के निर्बल एवं वृद्ध सदस्यों को भरण पोषण की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके लिये किसान पेंशन योजना संचालित की गई है। अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों तथा अल्प संख्यकों के कल्याणार्थ अलग-अलग स्थापित वित्त एवं विकास निगमों द्वारा विभिन्न योजनायें संचालित की जा रही हैं, जिनका और अधिक विस्तार किया जायेगा।

मेरी सरकार द्वारा महिलाओं तथा बच्चों के कल्याण के लिये क्रमशः महिला कोष तथा बाल कोष की स्थापना का निर्णय लिया गया है, जिसे आगामी वित्तीय वर्ष में प्रभावी ढंग से संचालित किया जायेगा ।

गांवों में शौचालयों के अभाव में महिलाओं को असुविधा होती है । उसके निराकरण के लिये राज्य के प्रत्येक गांव में पर्याप्त शौचालयों की व्यवस्था की जा रही है ।

प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करने का प्रयास मेरी सरकार ने किया है । इन सेनानियों की पेंशन में 12 अगस्त, 1994 से 250 रुपये प्रतिमाह तथा चिकित्सा/विवाह अनुदान में 1,000 रुपये की वृद्धि की गई है ।

उत्तराखण्ड के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिये तथा वहां की विशिष्ट समस्याओं के निदान हेतु पृथक उत्तराखण्ड राज्य की स्थापना हेतु प्रस्ताव मेरी सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को भेजा गया है । उत्तराखण्ड के विकास में गतिशीलता लाने के लिये मुख्य अवस्थापना सुविधाओं जैसे सड़क एवं पुल, विद्युत, सिंचाई आदि कार्यक्रमों को तेजी से चलाया जा रहा है । उत्तराखण्ड क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निदान हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा है । सड़क एवं पुल के कार्यों को पहली बार जिला योजना में सम्मिलित किया गया है । विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये कोटद्वार में 132 के.वी. सबस्टेशन की स्थापना की जा रही है, जिसके आगामी वित्तीय वर्ष में पूरा होने की सम्भावना है । इस क्षेत्र में अधिकाधिक संख्या में लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराने एवं उनके आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु बागवानी विकास, कुटीर उद्योग, इलेक्ट्रानिक उद्योग, जड़ी बूटी विकास, पशुपालन तथा डेरी विकास आदि से सम्बन्धित योजनायें संचालित की जा रही हैं ।

भू-अभिलेखों का रख-रखाव तथा उनके उद्धरण काश्तकारों को सुगमता से उपलब्ध कराये जाने एवं राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से प्रदेश में भू-अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण की योजना चलाई जा रही है । ऐसा असंक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर, जो दस वर्ष तक ऐसा भूमिधर रहा हो, को संक्रमणीय अधिकार वाला भूमिधर बनाया गया है । किन्तु यदि वह बिक्री द्वारा भूमि का अन्तरण करता है तो वह गांव सभा या राज्य सरकार की किसी भूमि का पट्टा प्राप्त करने का पात्र नहीं रहेगा ।

मेरी सरकार द्वारा न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, त्वरित न्याय दिलाने तथा लम्बित वादों के शीघ्र निस्तारण के लिये आवश्यक व्यवस्था की जा रही है । इसके लिये अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के 55 पदों का सृजन

किया गया है । पारिवारिक न्यायालय एवं सतर्कता अधिष्ठान के लम्बित वादों की सुनवाई मण्डल स्तर पर किये जाने हेतु लखनऊ, बरेली, बनारस, गोरखपुर तथा मेरठ मण्डल में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के 5 पदों के सृजन का प्रस्ताव है । समाज के निर्बल वर्ग को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराने तथा उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिये गठित कानूनी सहायता एवं परामर्श बोर्ड को और प्रभावी बनाने हेतु सभी आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं । प्रदेश में वर्तमान में अनेक कानून अप्रासंगिक हो गये हैं और अनेक में संशोधन वांछनीय है । इस बारे में प्रदेश सरकार एक विधि आयोग का गठन करेगी, जिसकी संस्तुतियों को प्राप्त कर परीक्षणोपरान्त आवश्यक निर्णय लिया जायेगा ।

प्रदेश के पिछड़ेपन को दूर करने की दिशा में मेरी सरकार का यह विश्वास है कि जहां एक ओर संसाधन जुटा कर उत्पादन की नई क्षमतायें आवश्यकतानुसार सृजित की जाय, वहीं पूर्व में किये गये निवेश को सृजित क्षमताओं का भरपूर उपयोग करने और अधूरे कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा ।

अपनी प्रतिबद्धताओं को मूर्तरूप देने के लिये मेरी सरकार ने 15 महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को चिन्हित किया है, जिनमें अम्बेदकर ग्राम योजना, ग्रामीण स्वच्छता, छात्रवृत्ति वितरण, निराश्रित वृद्ध, विधवा एवं विकलांग पेंशन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बस्तियों का विद्युतीकरण, ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति, नहरों के अन्तिम छोर तक पानी की व्यवस्था, दोषपूर्ण राजकीय नलकूपों का सुधार, मछुवा समुदायों को मछली पालन तथा कुम्भकारों को मिट्टी निकालने हेतु पट्टा वितरण, प्राइमरी पाठशाला भवनों का निर्माण, उत्तराखण्ड में पेयजल व्यवस्था, हथकरघा बुनकरों को सहायता तथा ग्रामोद्योगों की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है । इन कार्यक्रमों के सफल और प्रभावी कार्यान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है । इन कार्यक्रमों की समीक्षा स्वयं मुख्य मंत्री जी कर रहे हैं ।

मेरी सरकार द्वारा व्यापक जनहित में वक्फ, धार्मिक संस्थाओं, शिक्षण संस्थाओं एवं कतिपय अन्य संस्थाओं में निहित भवनों को उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) अधिनियम से मुक्त कर दिया गया है ।

राज्य सरकार जहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कदम उठायेगी, वहीं दूसरी ओर उच्च आय वर्ग के लोगों को उक्त सुविधा के दायरे से बाहर करने पर भी विचार करेगी । सरकार अनुत्पादक व्यय में कमी करने के

लिये संकल्पबद्ध है । व्यय बचत आयोग ने विभिन्न संस्तुतियां की हैं । कुछ संस्तुतियों पर कार्यवाही की जा चुकी है । शेष संस्तुतियों पर परीक्षणोपरान्त शीघ्र निर्णय किया जा रहा है । ऐसी योजनायें जो उपयोगी या व्यावहारिक नहीं हैं, उनको समाप्त किया जायेगा और बचे परिव्यय को अन्य उपयोगी योजनाओं हेतु आवंटित किया जायेगा ।

माननीय सदस्यगण, मैंने आपके समक्ष सरकार की प्रमुख नीतियों और कतिपय प्रमुख कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की है । विधान मण्डल के इस सत्र में आपके सामने वर्ष 1995-96 के एक भाग के लिये लेखानुदान और वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिये द्वितीय अनुपूरक मांगें भी प्रस्तुत की जायेंगी जिन्हें पारित करने की आपसे अपेक्षा की जायेगी । विगत सत्र के बाद मैंने कुछ अध्यादेश प्रख्यापित किये हैं, जिनको प्रतिस्थापित करने वाले विधेयक तथा कुछ अन्य विधेयक आपके विचारार्थ प्रस्तुत किये जायेंगे ।

अपना अभिभाषण समाप्त करने के पूर्व मैं आपको यह स्मरण कराना चाहूंगा कि लोकतंत्र का भविष्य बहुत कुछ इस बात पर निर्भर है कि सदन के भीतर और सदन के बाहर आपका व्यवहार कैसा हो । मैं आपसे आशा करता हूं कि आप सदैव इस सदन की उच्च गरिमा एवं पवित्रता को बनाये रखेंगे । मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके विचार-विमर्श में सदैव गम्भीरता, निःस्वार्थ सेवा एवं सार्वजनिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठा होगी ।

श्री राम आसरे वर्मा-

मान्यवर, यह गम्भीर प्रश्न है ।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है ।.... इन शब्दों के साथ मैं आपको अपने कर्तव्यों के निर्वहन हेतु आहूत करता हूं ।

जयहिन्द

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, अब तो सुन लें ।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या 3, माननीय नगर विकास मंत्री ।

सरकार के अल्पमत में हो जाने के संबंध में व्यवस्था का प्रश्न

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, इस सरकार का, महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण पढ़ा हुआ इसलिये नहीं माना जा सकता, आप इसे देखें महामहिम राज्यपाल जी ने इसमें नेता सदन को सम्बोधित नहीं किया है । नेता सदन को सम्बोधित नहीं करना महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण में इसलिये अति महत्वपूर्ण हो गया है, सम्भवतः उनको अहसास हो गया है कि अल्पमत की सरकार है और अल्पमत की सरकार का अभिभाषण तभी हो सकता है जब तक यह बहुमत न कर लें, यह अभिभाषण कार्यवाही का अंग नहीं बन सकता ।

श्री गौरी शंकर एडवोकेट-

मान्यवर, महामहिम राज्यपाल के ऊपर कोई टिप्पणी नहीं की जा सकती है ।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, यह अल्पमत की सरकार का अभिभाषण है, इसका संज्ञान नहीं लिया जा सकता । पहले यह बहुमत साबित कर दें ।

श्री अध्यक्ष-

कार्यवाही आगे चलने दीजिये ।

श्री प्रमोद तिवारी-

आप देखें, इसमें नेता सदन को सम्बोधित नहीं किया गया है । मान्यवर, यहां तक कि महामहिम ने, कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया है, इस सरकार को अल्पमत सरकार माना है । इसलिये महामहिम राज्यपाल ने नेता सदन को सम्बोधित नहीं किया है । मान्यवर, आप व्यवस्था का प्रश्न सुन लेने का कष्ट करें।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या 3 माननीय नगर विकास मंत्री । जब कोई अव्यवस्था है ही नहीं तो व्यवस्था किस बात की ?

श्री प्रमोद तिवारी-

अल्पमत की सरकार में, महामहिम राज्यपाल का अभिभाषण इस सदन की कार्यवाही का अंग नहीं बन सकता है ।

श्री अध्यक्ष-

कार्यवाही चलने दीजिये । मद संख्या 3

श्री नरेश अग्रवाल-

मान्यवर, माननीय प्रमोद तिवारी जी द्वारा उठाये गये प्रश्न पर बोल रहा हूं। मान्यवर, मुझे सुन लें। मुझे अभी-अभी सूचना मिली है कि बसपा के माननीय नेता श्री राम लखन वर्मा जी ने अविश्वास व्यक्त कर दिया है माननीय मुख्य मंत्री जी से मिल करके। यह पूर्ण रूप से अल्पमत की सरकार हो गयी है। महामहिम ने नेता सदन को इसमें सम्बोधित नहीं किया है। माननीय राम आसरे वर्मा जी भी अविश्वास व्यक्त कर चुके हैं, किरन पाल जी के बारे में नहीं पता है। इस सदन में महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण का कोई औचित्य नहीं रह गया है, इस पर आप व्यवस्था देने का कष्ट करें। इस पर आपकी व्यवस्था चाहूंगा।

आज की कार्यसूची में सम्मिलित किये गये मदों पर आपत्ति

श्री राम आसरे वर्मा-

मान्यवर, जो आपकी कार्यसूची है। एक परम्परा रही है सदन की जब सदन बैठता है तो सबसे पहले वन्दे मातरम् होता है और श्री राज्यपाल जी के सन्देश को पढ़कर सुनाया जाता है। उसके बाद अगर एजेन्डे में कोई भी मद ली जानी होती है तो निधन के निर्देश लिये जाने चाहिये थे। यह वरीयता के आधार पर परम्परा बनी हुई है। लेकिन आज इस एजेन्डे को देखने पर पता लगता है कि प्रस्तुतीकरण और सारा काम आज ही समाप्त करा देना चाहते हैं, कुछ नीयत पर शक हो रहा है सरकार की, इनकी इस सदन को आगे न चलने देने की नीयत लग रही है।

इसमें मुख्य मुद्दा यही है कि निधन के निर्देश पहले...

श्री अध्यक्ष-

यह तो कार्य-मंत्रणा समिति ने ही तय किया है।

श्री राम आसरे वर्मा-

दूसरी बात मान्यवर, यह है कि जो प्रस्तुतीकरण किया गया है वह वरीयता के आधार पर नहीं किया गया है इससे सरकार की नीयत पर हमें शक हो रहा है। यह सदन को आनन फानन दो एक दिन चलाकर समाप्त कर देना चाहते हैं। जो सदन की परिपाटी रही है उसे इस सदन ने हमेशा से निभाया है लेकिन ये लोग उसको तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं यह बड़ा ही दुःखद विषय है। मानवता के नाते भी और परम्परा के नाते भी यह दुःखद है। आखिर ऐसी कौन सी परिस्थितियां आ गईं जो इन्होंने वरीयता के आधार पर निधन के निदेश नहीं लिये।

(व्यवधान)

श्री रणजीत सिंह जूदेव-

मान्यवर, जो माननीय नेता कांग्रेस दल ने कहा कि श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर माननीय नेता सदन को सम्बोधित नहीं किया गया है उसके सम्बन्ध में आपने कोई टिप्पणी नहीं की है। इस पर कोई निर्णय दें।

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, कार्य मंत्रणा समिति ने जैसा प्रोग्राम तय किया है उसी के अनुसार यह एजेन्डा बना है। निधन के निदेश कल होंगे उसके बाद अवकाश रहेगा। परम्परा के अनुसार ही यह कार्य हो रहा है।

(व्यवधान)

सरकार के अल्पमत में हो जाने के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न (क्रमागत)

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, श्री राज्यपाल के अभिभाषण में नेता सदन को सम्बोधित नहीं किया गया है यह अल्पमत की सरकार है।

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, यह तो केवल चार लोग ही हैं हम लोग तो यहां पर 250 हैं।

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, आपने नेता कांग्रेस विधान मण्डल द्वारा जो व्यवस्था का प्रश्न उठाया है उस पर अपना निर्णय नहीं दिया है। यह तो स्पष्ट ही है कि कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। जब इस सरकार का गठन हुआ था तो उस समय कोई भी पार्टी स्पष्ट बहुमत में नहीं थी और हम लोगों ने समर्थन देकर इस सरकार को अवसर दिया था। परन्तु अब हमने अपना समर्थन वापस ले लिया है।

श्री अध्यक्ष-

आप उस अवसर की प्रतीक्षा कीजिये।

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

समर्थन वापस ले लिया तो इसके लिये आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारा पूरा बहुमत है जब आप लोग चाहेंगे हम सिद्ध कर देंगे।

श्री जगदम्बिका पाल-

जब तक सरकार पूर्ण विश्वास प्राप्त नहीं कर लेती मेरा अनुरोध है कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण को स्थगित कर दें।

उत्तर प्रदेश स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1994 ‡

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अध्यादेश, 1994 ‡

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश पंचायत विधि (संशोधन) अध्यादेश 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

‡ छापा नहीं गया।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, मेरा व्यवस्था का प्रश्न सुन लें ।

उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश शहरी भवन (किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमन) (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

श्री प्रमोद तिवारी-

मान्यवर, आप मेरा व्यवस्था का प्रश्न सुन नहीं रहे हैं, मैं इसके विरोध में अपने दल के सभी सदस्यों सहित सदन का बहिष्कार करता हूं ।

(श्री प्रमोद तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के सभी माननीय सदस्यों ने सदन का बहिष्कार किया)

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (द्वितीय) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (द्वितीय) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश बिक्रीकर (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश बिक्रीकर (संशोधन) (द्वितीय) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश सुख साधन कर (द्वितीय) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सुख साधन कर (द्वितीय) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अधिकरण) (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

+ छापे नहीं गये ।

उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश पिछड़े वर्गों के लिये राज्य आयोग अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश पिछड़े वर्गों के लिये राज्य आयोग अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश पंचायत राज (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

+ छापे नहीं गये।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश मोटर गाड़ी कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश मोटर गाड़ी कराधान (संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नागर स्वायत्त शासन विधि (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (तृतीय संशोधन) अध्यादेश, 1994 को सदन के पटल पर रखता हूं।

श्री राम आसरे वर्मा-

मान्यवर, आप मेरा व्यवस्था का प्रश्न सुन लें।

उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) अध्यादेश, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) अध्यादेश, 1995 को सदन के पटल पर रखता हूं।

श्री राम आसरे वर्मा-

मान्यवर, आप व्यवस्था का प्रश्न उठाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, इसलिये मैं सदन का बहिष्कार करता हूं।

(श्री राम आसरे वर्मा सदन से उठकर चले गये)

दि इंडियन टोल्स (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से दि इंडियन टोल्स (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश, 1995 को सदन के पटल पर रखता हूं।

+ छापे नहीं गये।

(श्री जगदम्बिका पाल, श्री नरेश अग्रवाल, श्री प्रीतम सिंह (देहरादून) आदि माननीय सदस्यों ने अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर कुछ कहने का प्रयास किया जिससे सदन में घोर व्यधान उत्पन्न हो गया ।)

बंगाल, आगरा और आसाम सिविल न्यायालय (उत्तर प्रदेश संशोधन और अनुपूरक उपबन्ध) अध्यादेश, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, बंगाल, आगरा और आसाम सिविल न्यायालय (उत्तर प्रदेश संशोधन) और अनुपूरक उपबन्ध अध्यादेश, 1995 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (संशोधन) अध्यादेश, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (संशोधन) अध्यादेश, 1995 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) अध्यादेश, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) अध्यादेश, 1995 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था (संशोधन) अध्यादेश, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था (संशोधन) अध्यादेश, 1995 को सदन के पटल पर रखता हूं ।

(श्री जगदम्बिका पाल, श्री नरेश अग्रवाल, श्री प्रीतम सिंह (देहरादून), श्री राम विशुन आजाद यह कहते हुये सदन के फ्लोर पर आ गये कि यह सरकार किसान विरोधी, राज्य कर्मचारी विरोधी हो गई है, यह सरकार अल्पमत में आ गई है, इसको चलाने का कोई औचित्य नहीं है आप हम लोगों का व्यवस्था का प्रश्न सुन लें, पूरे उत्तर प्रदेश के किसानों के समक्ष जीने मरने की स्थिति आ गई है, यह अल्पमत की सरकार है ।)

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, आप व्यवस्था का प्रश्न सुन लें । यह सरकार किसान, राज्य कर्मचारी व मजदूर विरोधी है । आज पूरे उत्तर प्रदेश के किसानों के समक्ष जो संकट पैदा है उससे किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है । आप प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्था का प्रश्न सुन लें ।

+ छापे नहीं गये ।

श्री अध्यक्ष-

मैं आप लोगों को सुन लूंगा ।

(श्री अध्यक्ष के आश्वासन के बाद श्री नरेश अग्रवाल, श्री जगदम्बिका पाल, श्री राम विशुन आजाद एवं श्री प्रीतम सिंह (देहरादून) वेल से पुनः अपने आसन पर आ गये ।)

वित्त (व्यापार-कर) अनुभाग-2 की विज्ञप्तियां +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्त (व्यापार कर) अनुभाग-2 की दिनांक 1 अक्टूबर, 1994 के असाधारण गजट में प्रकाशित-

(1) विज्ञप्ति संख्या व्या0क0-2-3402/ग्यारह-9 (116)/94 उ0प्र0 अधि0-15-48 आदेश-94, दिनांक 1 अक्टूबर, 1994,

(2) विज्ञप्ति संख्या व्या0क0-2-3403/ग्यारह-9 (116)/94 उ0प्र0 अधि0-15-48 आदेश-94, दिनांक 1 अक्टूबर, 1994,

(3) विज्ञप्ति संख्या व्या0क0-2-3405/ग्यारह-9 (116)/94 उ0प्र0 अधि0-15-48 आदेश-94, दिनांक 1 अक्टूबर, 1994, को उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 की धारा 3-क की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्त (व्यापार-कर) अनुभाग-2 की दिनांक 1 अक्टूबर, 1994 के असाधारण गजट में प्रकाशित-

(1) विज्ञप्ति संख्या व्या0क0-2-3404/ग्यारह-9 (116)/94 उ0प्र0 अधि0-15-48 आदेश-94, दिनांक 1 अक्टूबर, 1994,

(2) विज्ञप्ति संख्या व्या0क0-2-3406/ग्यारह-9 (116)/94 उ0प्र0 अधि0-15-48 आदेश-94, दिनांक 1 अक्टूबर, 1994, को उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 की धारा 3-घ की उपधारा (8) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

उत्तर प्रदेश व्यापार-कर (तृतीय संशोधन) नियमावली, 1994 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्त (व्यापार-कर) अनुभाग-2 की विज्ञप्ति संख्या व्या0क0-2-3389/ग्यारह-9(92)/94, उ0प्र0 अधि-15-48 नियम-1948-संशो0 (3) 1994, दिनांक 28 सितम्बर, 1994 के साथ प्रकाशित उत्तर प्रदेश व्यापार-कर (तृतीय संशोधन) नियमावली, 1994 को उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 की धारा 23-क की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं ।

+ छापी नहीं गयीं ।

रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 160 के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994 में किये गये त्रुटियों के शोधन का विवरण सदन के पटल पर रखता हूं।

रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994 में उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 147 के अन्तर्गत, किये गये त्रुटियों के शोधनों का विवरण-

विधेयक के खण्ड 5 द्वारा मूल अधिनियम में बढ़ाई जाने वाली नई धारा 32-ख की उपधारा (5) के द्वितीय परन्तुक की अन्तिम पंक्ति में शब्द "नकल जायेगी" के स्थान पर शब्द "नकल की जायेगी" रख दिया गया है।

उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 197 के खण्ड (1) के उपखण्ड (ख) के साथ पठित उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम 150 के उप नियम (1) के अन्तर्गत घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल विधेयक, 1994 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा के दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित हुआ था और जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के विचारार्थ दिनांक 25 अगस्त, 1994 को पारेषित किया गया था तथा जो उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की दिनांक 25 अगस्त, 1994 की बैठक में सदन की मेज पर रखा गया था, के तीन मास से अधिक समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उक्त विधेयक अभी तक विधान सभा सचिवालय में वापस प्राप्त नहीं हुआ है।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1994-95 का अनुपूरक) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1994-95 का अनुपूरक) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 24 अगस्त, 1994 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 30 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का अठ्ठारहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्राम्य विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी कृषि एव ग्राम्य विकास बैंक (संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 27 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का उन्नीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 30 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का बीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश मुस्लिम वक्फ (संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश मुस्लिम वक्फ (संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 27 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का इक्कीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान सभा अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 27 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का बाइसवां अधिनियम बन गया ।

सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 30 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का तेईसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी (संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी (संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 23 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 30 अगस्त, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का चौबीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (तृतीय संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (तृतीय संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 25 अगस्त, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 3 सितम्बर, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का पच्चीसवां अधिनियम बन गया ।

उत्तर प्रदेश कराधान तथा भू-राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि उत्तर प्रदेश कराधान तथा भू-राजस्व विधि (संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 24 अगस्त, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष

द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 26 अगस्त, 1994 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 3 सितम्बर, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का छब्बीसवां अधिनियम बन गया।

रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994

सचिव, विधान सभा-

श्रीमन् मैं आपकी अनुमति से घोषणा करता हूं कि रजिस्ट्रीकरण (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 1994 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी दिनांक 21 अप्रैल, 1994 की बैठक में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 25 अप्रैल, 1994 के उपवेशन में पारित किया था, राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 16 सितम्बर, 1994 को प्राप्त हो गई और वह सन् 1994 का उत्तर प्रदेश का सत्ताइसवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद संख्या 33 व मद संख्या 34 में कोई सूचना नहीं है। मैं मद संख्या 35 ले रहा हूं।

(श्री नरेश अग्रवाल व श्री जगदम्बिका पाल के पुनः खड़े होने पर व्यवधान)

कार्य मंत्रणा समिति द्वारा कार्यक्रम निर्धारण का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 31-1-95 की बैठक में सदन के दिनांक 1 फरवरी, 1995 से 8 फरवरी, 1995 तक के उपवेशनों के कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित सिफारिशें की हैं :-

(1) सदन का दिनांक 1 फरवरी, 1995 से 8 फरवरी, 1995 तक का तिथिवार कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में निर्धारित किया जाय :-

<u>फरवरी, 1995</u>

1 बुधवार	12.30 बजे अपराह्न (1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण को पढ़कर सुनाया जाना। (2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि।
2 गुरुवार	निधन के निर्देश (प्रश्नकाल नहीं होगा।)
3 शुक्रवार	(1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा। <u>2-5.00 बजे अपराह्न</u> विधायी कार्य।

4 शनिवार
5 रविवार — बैठक नहीं होगी ।

6 सोमवार — 1-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।
2-5.00 बजे अपराह्न

(1) वित्तीय वर्ष 1994-95 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण ।
(2) विधायी कार्य ।

7 मंगलवार — 1-वित्तीय वर्ष 1994-95 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों पर चर्चा, मांगों पर विचार तथा मतदान और तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण ।
2-4.00 बजे अपराह्न

(1) वित्तीय वर्ष 1995-96 का अन्तरिम आय-व्ययक तथा उसके एक भाग के लिये लेखानुदान का प्रस्तुतिकरण ।
(2) वित्तीय वर्ष 1995-96 के एक भाग के लिये लेखानुदान के प्रस्ताव पर मतदान एवं तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण ।
(3) श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।

8 बुधवार — 1-श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा ।
2-5.00 बजे अपराह्न

विधायी कार्य ।

(2) दिनांक 2 फरवरी, 1995 को केवल निधन के निर्देश हों और प्रश्नकाल न रखा जाय तथा नियम 51, 56, 300, 301 तथा 311 के अन्तर्गत कोई सूचनायें नहीं ली जायें ।

(3) दिनांक 3, 6, 7, व 8 फरवरी, 1995 को श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दिनों में नियम 56 के अन्तर्गत सूचनायें न ली जायें ।

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश से, जिसकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, सहमत है ।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जिसकी सूचना माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दी गई है, से सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करता हूं ।

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

श्रीमन् मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करता हूं ।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

श्रीमन् मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1995 के पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

नोटः- + दिनांक 17-2-95 के असाधारण गजट में विधायी परिशिष्ट में छपा है ।

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करता हूं ।

उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1995 +

लोक निर्माण एवं संसदीय कार्य मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)-

श्रीमन् मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था) (संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाय ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

श्री बेनी प्रसाद वर्मा-

श्रीमन्, मैं आपकी आज्ञा से उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी समिति (अल्पकालिक व्यवस्था)(संशोधन) विधेयक, 1995 को पुरःस्थापित करता हूं ।

प्रदेश में यूरिया खाद की कमी होने तथा संसदीय कार्य मंत्री द्वारा गैर जिम्मेदाराना बयान देने के संबंध में व्यवस्था का प्रश्न

श्री नरेश अग्रवाल-

मेरा व्यवस्था का प्रश्न है । मान्यवर, एक ओर यह सरकार दलितों और किसानों की अपने को सरकार कहती है । हम सब का यह नैतिक कर्तव्य है कि जिसकी रक्षा के लिये इस सदन में आये हैं उनके हितों को ध्यान में रखें । श्रीमन्, आज पूरे प्रदेश में खाद की कमी है, डीजल का अभाव है और यह सरकार चोर बाजारियों के साथ मिल कर खाद की कालाबाजारी करवा रही है । (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

यह आज किस नियम के तहत बोल रहे हैं, आपका व्यवस्था का क्या प्रश्न है ?

श्री नरेश अग्रवाल-

मेरी बात सुन लीजिये ।

नोटः- + दिनांक 15-2-95 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है ।

श्री अध्यक्ष-

आप व्यवस्था के प्रश्न की बात कह रहे थे, व्यवस्था की बात कहें ।

श्री नरेश अग्रवाल-

मेरी पूरी बात तो सुन लीजिये....

श्री अध्यक्ष-

यह बतायें कि इसमें व्यवस्था का प्रश्न उठाना कहां संगत है ? व्यवस्था की बात कहें ।

श्री नरेश अग्रवाल-

श्रीमन्, माननीय संसदीय कार्य मंत्री ने एक बयान दिया है कि खाद की कमी के लिये केन्द्र सरकार को ज़िम्मेदार बताया है । यह गैर जिम्मेदाराना बयान उनका है जिससे जाहिर होता है कि यह सरकार नहीं चला सकते हैं ।

श्री अध्यक्ष-

यह किस व्यवस्था के अन्तर्गत आप बोल रहे हैं ?

श्री नरेश अग्रवाल-

आज पूरे प्रदेश में खाद की कमी के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है । माननीय मंत्री जी सदन में खड़े होकर कहें....

श्री अध्यक्ष-

मैं इसकी अनुमति नहीं देता हूं । (व्यवधान) आज के एजेण्डा में यह कहां है ?

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, व्यवस्था के प्रश्न में मेरी बात को भी जोड़ दिया जाय कि जबसे धारा 3/7 समाप्त की गई है तबसे इसके कारण अधिकारियों का खाद के व्यापारियों पर अंकुश नहीं रह गया है जिससे खाद ब्लैक में बेची जा रही है । सहकारिता और कृषि विभागों में सामंजस्य स्थापित न होने के कारण हर जिले में खाद की जो मांग है उसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है । उत्तर प्रदेश में इन दोनों विभागों में मतभेद है । सहकारिता विभाग को खाद वितरण की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन यह जिम्मेदारी सहकारिता विभाग ने कृषि विभाग पर डाल दिया जिससे खाद का ठीक ढंग से किसानों को वितरण नहीं हो रहा है ।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

इसका आज कोई औचित्य नहीं है ।

श्री किरन पाल सिंह-

मान्यवर, मैं व्यवस्था के प्रश्न के माध्यम से यह बताना चाहता हूं कि आज स्थिति यह है कोआपरेटिव सोसाइटीज चरमरा रही हैं । उनके पास आज खाद नहीं है

और यदि खाद है तो जब डाई खाद की जरूरत थी तो यूरिया खाद दी जा रही थी और आज जब यूरिया खाद की जरूरत है तो उन्हें डाई दी जा रही है। इसके अलावा खाद में मिलावट की जा रही है। इसलिये धारा 3/7 को समाप्त न किया जाय और उसे लागू किया जाय। आज व्यापारी खाद में मिलावट करके किसानों को बेच रहे हैं और 20-25 रुपये प्रति बैग ब्लैक में लेकर खाद बेच रहे हैं। इसलिये मेरी मांग है कि सहकारी समितियों पर अधिक से अधिक मात्रा में खाद पहुंचाई जाय। सहकारी संस्थाओं को खाद की रैक्स नहीं मिल पाती है, इसलिये मुख्यमंत्री जी रेलवे मंत्रालय से बात करके खाद के रैक्स सरकारी संस्थाओं को दिलवायें।

मुख्य मंत्री (श्री मुलायम सिंह यादव)-

माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय नरेश अग्रवाल, मा0 जगदम्बिका पाल और मा0 किरन पाल सिंह ने जो चिन्ता व्यक्त किया है किसानों के संबंध में उसे दूर करने के लिये सरकार पूरी तरह से कोशिश कर रही है। इसलिये हमने भारत सरकार को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि टेलीफोन से बात भी किया है और इसलिये माननीय कृषि मंत्री और रेलवे मंत्री ने हमें आश्वस्त किया है कि उत्तर प्रदेश में यूरिया खाद की कमी नहीं होने दी जायेगी और मैं बताना चाहता हूं कि इस समय अब यूरिया खाद की कमी नहीं है।

जहां तक सहकारी समितियों तक खाद पहुंचाने का सवाल है तो आदेश कर दिया है कि सहकारी समितियों पर तत्काल यूरिया खाद पहुंचाई जाये। जहां तक धारा 3/7 को समाप्त करने का प्रश्न है तो हमने आदेश किया है और कार्यवाही भी किया है कि यदि किसानों की खाद में मिलावट पायी जायेगी तो धारा 3/7 को लगाकर कार्यवाही की जायेगी और इस प्रकार किसी भी कीमत पर किसानों को हम राहत देने में चूकेंगे नहीं और न तो खाद की कमी होने दी जायेगी तथा न खाद में मिलावट होने दी जायेगी।

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष-

अब हम उठते हैं और कल 11 बजे (पूर्वाह्न) फिर बैठेंगे।

(इसके बाद सदन 1 बजकर 5 मिनट पर गुरुवार 2 फरवरी, 1995 के 11.00 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

1 फरवरी, 1995

प्रेम चन्द्र सक्सेना,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

पी0 एस0 यू0 पी0 एल0 327 एल0ए0 (527)-4-3-95-813 (ई0टी0)।